Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Bansal Shri Pawan Kumar

>

Title : Regarding restriction on wearing turban in Canada.

श्री शैलेन्द्र कुमार सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा कि हमारे जो सिख समुदाय के लोग हैं, जो हमारे सिख भाई हैं, उनका धार्मिक पहनावा पगड़ी है और यह धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हुआ सवाल है। कनाडा में पगड़ी पहनने पर रोक लगा दी गई है, उस पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और कहा गया है कि वे हैलमेट पहनेंगे। सिख समुदाय के जो भाई हैं, उनके धर्म में हैलमेट पहनना अशुभ माना जाता है या कोई ऐसी परम्परा नहीं है कि वे हैलमेट पहनें। चूंकि यह धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हआ मामला है कि जब हमारे सिख भाई के यहा इकलौता लड़का, पहला बच्चा होता है तो यह धार्मिक भावना से जुड़ी हुई बात होती है और पगड़ी, कृपाल, कड़ा इत्यादि चीजें जो होती हैं, उनसे जोड़कर इसे पहनावे के रूप में धार्मिक भावना से जोड़ा जाता है। इस विाय में कनाडा के जो तमाम रेलवे अधिकारी और रेलवे कर्मचारी हैं, विशोकर उनके ऊपर रोक लगाई गई है। एक बार जब हमारे सिख सैनिक जो वहां हैं, उन्होंने इसका विरोध भी किया था तो कनाडा और लंदन की सरकार को झुकना पड़ा था और विवश होकर पगड़ी पहनने दिया गया था। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार और भारत सरकार से कहना चाहूंगा कि इस ओर भारत सरकार ध्यान दे। कनाडा और लंदन के जो राट्राध्यक्ष हैं, उनसे हमारी सरकार बात करे। यह धार्मिक भावनाओं से जुड़ा हुआ मसला है, सिखों का पगड़ी पहनना बरकरार रहे जिससे उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचे।

*m02

SHRI PAWAN KUMAR BANSAL (CHANDIGARH): Madam Chairman, I associate myself with this matter which is raised by Shri Shailendra Kumar.

MADAM CHAIRMAN: All right. You associate.